जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में आवास विहीन अनुसूचित जनजाति के निर्बल आय वर्ग के व्यक्तियों को जिनके पास अपने मकान नहीं हैं, को आवास उपलब्ध कराने हेतु यह योजना चल रही है। वर्ष 88-89 में जनपद के 136 गाँवों में कुल 1590 आवासों का निर्माण कराया गया। जिसमें विकास खण्ड पूरनपुर के 24, ग्रामों में 300, ललौरी खेड़ा के 16 ग्रामों में 180, मरौरी और बरखेड़ा के 18 ग्रामों में 222, बीसलपुर के 22 ग्रामों में 222, बिलसण्डा के इक्कीस ग्रामों में 222 आवासों का निर्माण कराया गया। जिसमें कुल 95.40 लाख रुपये के वित्तीय संसाधन लाभार्थियों को उपलब्ध कराया गया। इन कार्यों के सम्पादन में 176490, मानव दिवस सृजित हुए।

वर्ष 88-89 के बाद इस योजना को जवाहर रोजगार योजना में सम्मिलित कर दिया गया जिसके अन्तर्गत 1500 आवास बनवाने की योजना रही। गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिये निर्मित कराये गये।

ग्रामीण आवास ऋण योजना

इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के अल्प आय तथा मध्यम आर्य वर्ग के व्यक्तियों को परिषद द्वारा आवास हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है। जिनकी वार्षिक आय 8401/- से 12500/- रु० के मध्य हो, उन्हें निर्माण लागत का 70 प्रतिशत अथवा 18000/- रु० जो भी कम हो ऋण स्वीकृत किया जाता है। ऋण की वसूली, 11 प्रतिशत ब्याज पर बीस वर्षों में किये जाने का प्राविधान है। इस योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण आवास परिषद द्वारा 1.72 लाख रु० की धनराशि स्वीकृत की गई है।

उद्यान कार्यक्रम :

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में फलदार वृक्षों, बागों, निजी पौधशालाओं, सब्जियों एवं फलों के संरक्षण एवं सम्वर्द्धन से सम्बन्धित कार्य किया गया तथा किया जा रहा है।

बाग लगाने के इच्छुक कृषकों को निःशुल्क तकनीकी, जानकारी देने के साथ-साथ 716 हेक्टेयर में नवीन बाग लगाये गये 35 हेक्टेयर में उद्यान विकसित कर 12000 पौधों का वितरण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में 2 लाख पौधे वितरित किये गये। 500 मटर के मिनी किटों का वितरत किया गया शाक सब्जियों से 4000 सौ मिनी किटों की सहकारिता द्वारा आपूर्ति की गयी।

शाक भाजी विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 10120 हेक्टर में शाक सब्जी बोई गई। जिसके अन्तर्गत 97500 टन शाक भाजी का उत्पादन हुआ।

वर्ष 1989-90 में साठ हजार फलदार पौधे, 40 हजार शोभादार पौधे, एक हजार कुंटल आलू बीज तथा बीस कुन्टल शाक भाजी बीज का उत्पादन किया गया। 150 हेक्टेयर क्षेत्र में नये उद्यान, 90 हेक्टेयर क्षेत्र में आलू तथा 60 हेक्टेयर क्षेत्र में मसाले के पौधे लगाये गये।

दैविक आपदा :

इस जनपद में अग्निकांड एवं बाढ़ से प्रभावित परिवारों को अहेतुक सहायता, ग्रह अनुदान, अनुग्रह अनुदान सहायता उपलब्ध कराई गई। वर्ष 88-99 में बाढ़ तथा अग्निकांड से प्रभावित लोगों को 4,11005/- रुपये की अहेतुक सहायता, 475000/- ग्रह अनुदान 139450/- रु० अनुग्रह अनुदान के रूप में वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त जनपद के नागरिकों स्वैच्छिक संस्थाओं आदि ने भी प्रभावित परिवारों को आव- श्यक वस्तुयें कपड़े व राशन उपलब्ध कराने में योगदान किया।

जनपद के खनिज कार्यक्रम—यद्यपि यहाँ कोई धातु उत्पन्न नहीं होती फिर भी यहाँ मिट्टी, लकड़ी तथा लोहे, पीतल और फूल, कांसा, व्यवसाय निजी उद्योगों के रूप में जातीय परम्परा के अनुसार किया जाता है।

मिट्टी के बर्तन :

पीलीभीत में कुम्हार जाति के हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही कुम्हारी का कार्य करते हैं। और यह लोग इस कार्य में विशेष दक्ष हैं। न्योरिया हुसेनपुर, ज्योराह कल्यानपुर की मिट्टी की हाँडियाँ, बड़े-बड़े नांद बहुत प्रसिद्ध हैं और दूर-दूर तक इनकी मांग है।

लकड़ी पर आधारित—कार्यों में यहां पर लकड़ी के पाये और खड़ाऊ कांफी प्रसिद्ध हैं। बैलगाड़ी के पहिये विशेष उत्कृष्टा रखतें हैं।

लोहा और पीतल पर आधारित कार्य—यहां फूल की थालियाँ, कांसे पीतल के बर्तन लोहे के दैनिक, उपयोग एवं कृषि उपयोग के लोहे के औजार एवं यन्त्र बनाये जाते हैं।

मेले तथा उर्स :

बीसलपुर का रामलीला की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है। बीसलपुर की मिठाई भी अपने किस्म की अनूठी है। यहाँ तक की अन्य नगरों में भी बीसलपुर के लोग बीसलपुर की मिठाई नाम से अपनी दूकान लगाते हैं।

पीलीभीत में जंगलों के बीच सिद्ध बाबा का मेला, सेला बाबा का उर्से और पीलीभीत में शाह जी मिया व अल्लाहू का उर्स की हिन्दू व मुसलमानों में समान रूप से श्रद्धा है।

पर्यटक स्थल :

माला के जंगल में यद्यपि अभी तक कोई स्थापित पर्यटक स्थल नहीं है फिर भी कुछ जंगली स्थान इतना रमणीक है कि उसका उपयोग पर्यटक स्थल के रूप में किया जाता हैं। जंगली जानवरों के स्वभाविक क्रिया-कलापों के सजीव चित्रण हेतु विदेशी दल भी इन जंगलों में महीनों डेरा डाले रहते हैं इसी जंगलों के बीच बाइफर केशन जहाँ मुख्य नहर कई शाखाओं में बट जाती है, वह स्थान भी पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाता हैं। दियूनी डाम, अपसरिया डाम भी पर्यटक स्थल के रूप में जमानत को आकृषित करते हैं।

जंगली फल सब्जी :

यहाँ का जंगली फल, फालसा, एक विशेष पेड़ की जड़ जिसे कन्द मूल फल कहते हैं खाने में अति स्वादिष्ट ठंडक देने वाले हैं। करुरआ भी जंगली पेड़ों की जड़ से निकलता जो उच्चकोटि की व कीमती सब्जियों की कतार में आता है।

ग्रामीण आबादी पर्यावरण सुधार योजना :

इस योजना में ग्रामों में पर्यावरण सुधार सम्बन्धी योजनायें जैसे खाडन्जा निर्माण, नाली निर्माण, सामदायिक वायोगैस जैसे संयन्त्र, पुलिया निर्माण तथा पेय जल व्यवस्था। इस परियोजना पर लागत का 50 प्रतिशत ऋण उपलब्ध कराया जाता है। जनपद के विकास खण्ड वरखेड़ा ग्राम स्वास, रामनगर भगतपुर विकासखण्ड मरौरी के ग्राम सिरसा, सरदहा, बिठौरा खुर्द हरकिशनापुर, मोहनपुर, अजीतपुर, पटपरा, और बिलगवां ग्रामों को चयनित किया गया है।

ग्रामीण आवास कालोनी योजना :

इस योजनान्तर्गत नगर के सभी ग्रामों मे ग्रामसमाज की भूमि अथवा अन्य भूमि क्रय करके आवासीय कालोनी निर्मित कराने हेतु जनपद की चयन किया जा रहा है।

अस्थल आवंटन :

ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बल वर्ग एवं अनुसूचित जाति के लोगों को 88—89 में 511 आवास स्थल आवंटित किये गये।

इन्दिरा आवास योजना :

ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारन्टी कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति व जन जाति के लोगों को 6000/- रु० की लागत के मकान बनवा कर दिये गये। 177 आवास बनवाये गये।

हरिजन एवं निर्बल वर्ग आवास निगम :

शासन की, समाज के निर्बल, अनुसूचित जाति के परिवारों को खुले व स्वच्छ वातावरण में बसाने के लिये सभी सुविधाओं से युक्त मकान बनवाने की एक कल्याणकारी योजना है। इस योजना 2561 आवास पूर्ण कराये गये।

युवा कल्याण :

ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवक, नवयुतियों में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने, विकास कार्यों के क्रियान्वयन में युवाओं को सक्रिय भागीदारी कराने हेतु उनकी सेवाओं का योगदान लिया गया। समय-समय पर गोष्ठियाँ, सेमिनार, खेलकूद प्रतियोगिता और शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये नौजवानों की प्रतिक्षित किया गया।

जिला पुस्तकालय :

शिक्षा की दृष्टि पिछड़े हुए इस जनपद में शिक्षा के उनयन हेतु अन्य शैक्षिक कार्य-कलापों के साथ-साथ गत वर्ष जिला सैक्टर योजनातर्गत नव स्थापित जिला पुस्तकालय के विस्तार एवं रख-रखाव, देख-रेख एवं नयी पुस्तकों की खरीद पर 1,25000/- रुपये व्यय किये गये तथा जनपद के साथ सहायता प्राप्त उ० मा० विद्यालयों के पुस्तकालयों के विस्तार हेतु 15000/- रुपये दिये गये। और राजकीय पुस्तकालय में नियमित और प्रशिक्षित पुस्तकालयाध्यक्ष की निमुक्ति की गई।

खेल-कूद :

गाँधी स्पोर्ट्स स्टेडियम—जनपद के कुल प्रतिभावान बालक/बालिकाओं ने खेल जगत में गत वर्षों में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया है। गत वर्ष केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर में जनपद के 8 बालक/बालिकाओं ने 'ए' तथा 'बी' श्रेणी प्राप्त तथा राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज में 15 बालक/बालिकाओं का प्रदेशीय एवं 4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर में हुआ।

गाँधी स्टेडियम में खेलकूद विभाग ने उद्दीयमान एवं महत्वाकांक्षी बालक/बालिकाओं को एथलेटिक्स, हाकी, फुटबाल, जिम्नाष्टिक, टेबिल टेनिस, भारोत्तोलन, क्रिकेट आदि में अनुभवी कोचों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है तथा इसके लिये आवश्यक उपकरण भी मंगवाये गये हैं।

खेलकूद विभाग द्वारा खेलकूद के विकास हेतु शीघ्र एक बहुउद्देशीय हाल तथा एक तरणताल का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव था, जिसमें से बहुद्देशीय हाल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और तरणताल निर्माण की प्रक्रिया में है। खेलकूद विभाग को वर्ष 1989-90 में 664.4 हजार रुपयों का परिव्यय स्वीकृत है, जिसमें से 3·2 हजार रुपये दो केन्द्रों का संचालन, 30,000/- रुपये स्थाई उपकरण तथा 20 हजार रुपये जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं तथा 6 लाख रुपये से स्टेडियम में दर्शक दीर्घा, रेलिंग वर्क, एप्रोचरोड के निर्माण तथा लाइट आदि की व्यवस्था की जायगी।

'ङ' 19. आँकड़ों का विश्लेषण

1—प्रखण्ड स्तर पर उद्योगों का विवरण :

आंकड़ों के विश्लेषण के उपरान्त प्रखण्ड स्तर पर उद्योगों की जो जानकारी मिली उसके अनुसार पीलीभीत, पीलीभीत जनपद में विकासखंडों की संख्या 7 है और दीर्घ एवं मध्यम उद्योगों की संख्या भी सात ही है। मरौरी विकासक्षेत्र में चीनी मिल का दीर्घ उद्योग है। जिसमें 1370 कर्मचारी कार्यरत हैं। मध्यम उद्योग की परिधि में, अनिल मोदी साल्वेन्ट एक्टेन्शन आता है जिसमें धान की भूसी से तेल उत्पादन किया जाता है। इसमें कर्मचारियों की संख्या 56।

बीसलपुर विकास क्षेत्र—पूरनपुर, विकासक्षेत्र और अमरिया विकास क्षेत्र में एक-एक मध्यम उद्योग के स्तर पर सहकारी चीनी मिल, स्थापित है जिनमें क्रमशः 705, 655, 932 कर्मचारियों की संख्या है। अमरिया विकासक्षेत्र में मझोला चीनी मिल के साथ-साथ एक डिस्टलरी एन्ड केमिकल्स हैं इसमें 872 कर्मचारी कार्यरत है। ललौरीखेड़ा विकासक्षेत्र में नेतराम फ्लोर मिल मैदा तैयार की जाती है, उद्योग स्थापित है जिसमें 28 कर्मचारी कार्यरत हैं।

सर्वेक्षण के आधार पर लघु उद्योगों व दस्तकारी उद्योगों का विवरण जो प्राप्त हुआ हैं उसके अनुसार जनपद पीलीभीत में लघुउद्योगों की संख्या 354 है जिसमें कुल 1770 कर्मचारियों का योगदान है। जिनमें प्रखण्डवार इकाइयों व कर्मचारियों की संख्या क्रमशः पूरनपुर में इकाई 61 कर्मचारी 305 बीसलपुर इकाई 61 कर्मचारी 305, बरखेड़ा इकाई 20 कर्मचारी 100 बिलसण्डा इकाई 21 कर्मचारी 105, ललौरीखेड़ा इकाई 20, कर्मचारी 100, अमरिया इकाई 27 कर्मचारी 135, मरौरी इकाई 22 कर्मचारी 110, पीलीभीत नगर इकाई 122 कर्मचारी 610 कार्यरत हैं।

इसके अतिरिक्त दस्तकारी पर आधारित औद्योगिक इकाइयों की कुल संख्या 210 है और इसमें लगे हुए व्यक्तियों की संख्या भी 210 है।

वर्ष 88-89 में खादी ग्रामोद्योग द्वारा 180 औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित कराई

गई । जनपद पीलीभीत के हस्तकरघा की इकाई मुख्यत: बीसलपुर, मीरपुर बाहनपुर, महादेव मूसेपुर, रिछौला एवं गौंच में स्थापित हैं । इसके अतिरिक्त जनपद में प्रत्येक विकास-खण्ड में राइस मिल, खण्डसारी व गुड़ उद्योग की इकाइयाँ भी काफी संख्या में हैं रेशम की एक इकाई पीलीभीत में स्थापित है इसमें 100 व्यक्तियों को रोजगार मिला हुआ हैं। बीसलपुर, पीलीभीत, पूरनपुर तहसील स्तर पर शीत भन्डार की इकाइयाँ स्थापित हैं । गन्ना और धान कृषि उत्पाद के लिये पीलीभीत व पूरनपुर तहसील अपना विशिष्ट स्थान रखती है । डेरी उद्योग की भी काफी अच्छी सम्भावनायें हैं । फल तथा वृक्षों की नर्सरी के भी सफल व्यवसाय स्थापित किये जा सकते हैं । बांसुरी का उद्योग यहाँ का प्रसंशनीय उद्योग है जिसमें लगभग 220 व्यक्तियों को रोजगार मिला हुआ है ।

अत: उपरोक्त विश्लेषण के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेडस का समावेश करने में आधार मान कर चलना होगा ।

2—**उद्योग-धन्धों के आधार पर माँग**—सर्वेक्षण के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह ज्ञात होता है कि उद्योग-धन्धों में कितने व्यक्तियों की खपत है और भविष्य में कितने व्यक्तियों की और आवश्यकता पड़ेगी जिसकी पूर्ति व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं की भर्ती करके की जा सकती हैं । पीलीभीत जनपद में 4 चीनी मध्यम उद्योग है तथा एक साल्वेन्ट एकाटेशन, एक डिस्लरी फैक्ट्री है तथा एक मैदा बनाने वाली फैक्ट्री है जिनमें 4322 व्यक्तियों की खपत है इनमें फैक्ट्रियों का विकास होना भी सुनिश्चित है इन कारखानों में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टंक आदि के प्रशिक्षित व्यक्तियों की मांग बढ़ती रहेगी जिससे व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित छात्र/छात्राओं को रोजगार के अवसार मिल सकेंगे । इसी प्रकार लघु उद्योगों में तथा दस्तकारी इकाइयों में 1770 व 210, बेरोजगार लोगों की खपत संभव हो सकती है । इस प्रकार उद्योग-धन्धो के आधार पर व्यक्तियों की मांग की पूर्ति समयानुसार लगातार चलती रहेगी ।

3—**प्रखण्ड स्तर पर उपयुक्त व्यक्तियों की कमी :**

सर्वेक्षण की आख्या का विश्लेषण से प्रखण्ड स्तर पर उपयुक्त व्यक्तियों की आवश्यता का भी अनुभव हुआ । प्रखण्ड स्तर पर जो 7 दीर्घ एवं मध्यम उद्योग, चीनी मिल तथा साल्वेन्ट, हिस्टलरी, प्लोर मिल की इकाइयां स्थापित हैं उनमें प्रशिक्षित एवं अनुभवी व्यक्तियों की कमी बने रहने की सम्भावनायें हैं । इस कमी को दूर करने के लिये व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम को विद्यालयों में लागू करने सें छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षित कर

उपयुक्त व्यक्तियों की कमी को पूरा किया जा सकता है। परन्तु यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि छात्रों/छात्राओं को प्रशिक्षित करने वाले उपयुक्त प्रशिक्षकों की भी कमी है, कुशल प्रशिक्षक के अभाव में कोई भी प्रशिक्षण सफल नहीं हो सकता। अतः आवश्यकता इस बात की है कि कुशल प्रशिक्षकों की कमी को दूर किया जाय। इस प्रकार से जनपद के उद्योगों और विद्यालय में परस्पर तालमेल बनता चला जायगा। व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित छात्रों के प्रशिक्षण की सार्थकता भी बनी रहेगी। कुशल प्रशिक्षकों के अभाव को स्थापित तकनीकी संस्थानों के डिप्लोमाधारी व अन्य कुशल मैकेनिकों को पूर्णकालिक कर्मचारियों की भांति नियुक्ति देकर, दूर किया जा सकता है।

4—स्वरोजगार के अवसर :

सर्वेक्षण आख्या में अंकित रोजगार कार्यालय के आंकड़ों का विश्लेषण करने से ज्ञात होता है कि हाईस्कूल पास 2734 व्यक्ति तथा इण्टर पास 3648 व्यक्ति दिसम्बर 1989 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत हैं और इण्टर से उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या 1590 थी। यदि इसी को आधार मान कर स्वरोजगार के अवसर जुटाने के लिये जनपद में संचलित लघु उद्योग एवं दस्तकारी उद्योगों में प्रशिक्षण देने से स्वरोजगार के अवसर काफी मात्रा में सुलभ हो सकते हैं। जनपद में चर्म उद्योग, काष्ठ-लोह उद्योग, फलसंरक्षण उद्योग, रेशा उत्पादन, मुख्य गुड़/खण्डसारी उद्योग, कुम्हारी, साबुन उद्योग, चटाई, मोमबत्ती उद्योग, खाद संरक्षण, परिधान रचना एवं सज्जा, बुनाई तकनीकी, रंगाई छपाई, टेक्सटाइल, बुक बाइंडिंग, अशु लिपि एवं टंकण, फोटोग्राफी, रेडियो एवं टेलीविजन, आटोमोबाइल, मुद्रण, रेशम एवं मधुमक्खी पालन, पौधशाला, पाक-शास्त्र, डेरी, बीजोत्पादन, पान बनाना, बांसुरी बनाना, फर्नीचर, स्टील तथा लकड़ी, टीन उद्योग, बेत उद्योग, सिलाई, सीमेन्ट की जाली बनाना, बर्फ उद्योग आदि कचरी, पापड़, तेल उद्योग आदि लघु उद्योगों में प्रशिक्षित होकर स्वरोजगार के अवसर सुलभ कराये जा सकते हैं। पीलीभीत में सातों विकास खण्डों में तथा नगरीय क्षेत्र में लघु उद्योग एवं दस्तकारी से सम्बन्धित कच्ची सामग्री बहुतायत से उपलब्ध हो जाती है और इन उद्योगों के प्रति रुचि उत्पन्न कराई जा सकती है।

इस प्रकार उपरोक्त लघुउद्योग एवं दस्तकारी को प्रखण्ड स्तर पर वर्गीकरण करके प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में समावेश कर

छात्र/छात्राओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

5—प्रखण्ड स्तर पर रोजगार की संभावनायें :

सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि प्रखण्ड स्तर पर रोजगार की काफी सम्भावनायें हैं जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैं :—

विकास खण्ड का नाम	सम्भावित रोजगार	
	संसाधन के आधार पर	मांग के आधार पर
1	2	3
1—पूरनपुर	राइस मिल, चीनी मिल, गत्ता मिल, जूट मिल, हस्थकरघा उद्योग, जनरल इंजीनियरिंग।	रेडीमेट वस्त्र, रंगाई, छपाई, लकड़ी फर्नीचर।
2—बीसलपुर	राइस मिल, कोल्ड स्टोर, आइस फैक्ट्री, हैण्डलूम, जर का काम, कृषि यन्त्र।	रेडीमेड वस्त्र, चूड़ा उद्योग, फर्नीचर, गत्ता फैक्ट्री, चमड़े का सामान, प्लास्टिक उद्योग।
3—बरखेड़ा	जनरल इंजीनियरिंग, वर्कशाप, आयल उद्योग, मसाला उद्योग, हैण्डलूम।	धान और गुड़, फ्लोर व दाल मिल।
4—बिलमण्डा	राइस मिल, शूगर मिल, प्रिन्टिंग प्रेस, गुड़ एवं खण्डसारी, कृषि यन्त्र।	अल्यूमिनियम के बर्तन, सीमेन्ट की जाली।
5—मरौरी	लकड़ी क फर्नीचर, ईंट भट्ठा उद्योग, ग्लास उद्योग, प्लास्टिक उद्योग, क्रैसर, गुड़, रेशम, नर्सरी उद्योग, कुक्कुट पालन	रेडीमेड वस्त्र उद्योग, बान सीमेन्ट, जाली, बांसुरी।

1	2	3
6— ल० खेड़ा	गेहूँ पर आधारित उद्योग, कृषि औजार, रेडीमेड वस्त्र, हैण्डलूम	फ्लोर मिल ।
7—अमरिया	राइस मिल, चीनी मिल, इंजीनियरिंग वर्कशाप, कृषि यन्त्र उद्योग गत्ता मिल ।	हैण्डलूम; लकड़ी फर्नीचर, कृषि औजार, प्रिन्टिंग प्रेस, प्लास्टिक कन्टेनर कंघी उद्योग, तांगा, बुग्गी उद्योग

6—व्यावसाय जिसमें व्यक्तियों की कमी हो :

जनपद पीलीभीत में ग्रामीण तथा नगर क्षेत्र में ऐसे भी व्यवसाय हैं जिसमें व्यावसाय व्यक्तियों की कमी है । संसाधन के आधार पर ऐसे बहुत से व्यावसाय फलीभूत हो सकते हैं जिनकी सफलता में कोई संदेह नहीं हो सकता और जिनके उत्पादों की माँग बहुत है और दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है । उन व्यवसायों में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल की बहुतायत है और आसानी से सुलभ हो सकते हैं । पीलीभीत जनपद के चारों ओर घने जंगल हैं जिनमें साल वृक्ष के पत्ते यों ही बेकार चले जाते है और वे पत्ते सूख कर जंगल में आग लगने का खतरा पैदा करते रहते हैं । इन पत्तों से प्लेट, थालियों बड़ी मात्रा में बन सकती हैं और बाजार में अच्छे दामों पर बिक सकती हैं इस प्रकार पत्तों को प्लेट व थालियों का व्यवसाय एक लाभप्रद व्यवसायी सिद्ध हो सकता है । इस व्यवसाय में लागत भी थोड़ी ही लगती है अतः कम पूँजी वाले व्यवसाय भी इसे कर सकते है और रोजगार हीन लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं । जनपद की मांग के अनुसार और खपत के अनुसार ऐसे व्यवसायों को अपनाना उद्यमियों के लिये स्वरोजगार की सम्भावनाओं के लिये क्षेत्र काफी सीमा तक विकसित है कृषियन्त्र एवं ट्रैक्टर ट्राली, ट्रैक्टर रिपेयरिंग, एवं जाब इंजीनियरिंग वर्कशाप, अल्युमिनियम बर्तन, होजरी, पोलीथिन बैगस, स्टील फर्नीचर, अलमारी व अंक, रोलिंग शटर एण्ड स्टील गेट, पेन्ट एण्ड वार्निश, सर्जीकल बैन्डेज, प्लास्टिक खिलौने, टायर रिटरेडिंग, गत्ते के डिब्बे, रेडीमेड गारमेन्ट, डीजल इंजन एवं पम्पिग सेट रिपेयरिंग, फिनायल, सिलाई धागे की रील तथा गोला, बस ट्रक की बाडी निर्माण, सीमेन्ट जाली गमले, ग्रीस, प्लास्टिक बटन, आइसकैन्डी, छाता बनाना, कपड़ा धोने का साबुन एवं नट

बोल्ट आदि व्यवसाय से सम्बन्धित उत्पादित वस्तुओं की काफी मात्रा में मांग है परन्तु उद्यमियों की कमी है ।

उद्यमियों की कमी दूर करने हेतु जनपद के किसी भी क्षेत्र में स्थानीय सुविधाओं के अनुसार उद्योग स्थापित करने का निर्णय लेना होगा । अविकसित औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमि प्राय: स्वयं उद्योग की स्थापना के लिए प्रेरित नहीं होते हैं वरन् उनको इस निमित्त प्रेरित करना होता है इसी उद्देश्य से इस जनपद में वर्ष 1988-99 में संभावित उद्यमियों का सर्वेक्षण के आधार पर चयन किया गया । सम्भावित उद्यमियों के चयन में व्यक्ति की क्षमता योग्यता, अनुभव व अभिरुचि को आधार बनाया गया । इस प्रकार विकासखण्डवार जो सम्भावित उद्यमि चुने गये उनका विवरण निम्न प्रकार है :--

क्रमांक	विकासखंड का नाम	संभावित उद्यमियों की संख्या
1	2	3
1--	मरौरी	56
2—	अमरिया	62
3—	ललौरी खेड़ा	66
4—	बीसल पुर	64
5 —	बरखेड़ा	75
6--	बिलसण्डा	102
7—	पूरनपुर	78
8 —	पीलीभीत नगर	68
	योग	589

इन छाँटे गये सम्भावित उद्यमियों से सम्पर्क करके, चयन उद्योगों की स्थापना के लिये उन्हें तकनीकी सुविधायें, वित्त व विद्युत की सुविधा दी गई जिसके परिणाम स्वरूप, जनपद में 70 नवीन इकाइयाँ स्थापित हुईं 202 व्यक्तियों हेतु रोजगार सृजन किये गये ।

7 —प्रखण्ड स्तर पर प्रशिक्षित मानव शक्ति की मांग :

किये गये व्यावसायिक प्रशिक्षण आख्या में उल्लिखित औद्योगिक प्रगति के आंकड़ों का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट है कि हमारा सम्पूर्ण ध्यान उद्योगों के त्वरित विकास पर केन्द्रित है। क्योंकि हम बेरोजगारी के विरुद्ध एक विशाल और योजनाबद्ध लड़ाई लड़ना चाहते हैं और हमें इसमें सफलता भी मिली है। निश्चय ही औद्योगिक क्षेत्र में विकास होगा। जितना अधिक औद्योगिक विकास होगा उतनी ही अधिक प्रशिक्षित मानव शक्ति की मांग भी बढ़ेगी। इस दृष्टि सें राज्य द्वारा पुरोनिधानित योजनान्तर्गत व्यावसायिक शिक्षा क्रियान्वन में, प्रखण्ड स्तर पर प्रशिक्षित मानव शक्ति की मांग का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।

प्रशिक्षित मानव शक्ति की आवश्यकता दो स्तरों पर सम्भावित है प्रथमतः विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की शिक्षा देने वाले प्रशिक्षकों की आवश्यकता, द्वितीय वह प्रशिक्षित मानव शक्ति जो व्यावसायिक शिक्षकों को विशिष्टि एवं गहन तकनीकी दक्षता प्रदान करेंगी।

प्रदेश सरकार ने प्रदेश स्तर पर, व्यावसायिक शिक्षा पाठ्क्रम लागू किये जाने हेतु प्रथम चरण में प्रदेश के 220 विद्यालयों का चयन किया है। इस जनपद में रा० इ० का०, पीलीभीत व राजकीय कन्या इण्टर कालेज, पीलीभीत। दो विद्यालयों का चयन किया गया है। प्रत्येक में तीन-तीन ट्रेड आवंटित किये गये हैं, 25 छात्र प्रति ट्रेड के हिसाब से छात्रों को प्रवेश देने की योजना है। जनपद ट्रेड के हिसाब से 6 प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता है। इस प्रकार आगे चल कर प्रशिक्षित अध्यापकों की मांग और अधिक सम्भावित हो सकती है। इसी अनुपात में विद्यालय सें छात्रों को प्रशिक्षित करने वाले अध्यापकों को विशिष्ट तकनीकी जानकारी की आवश्यकता होगी और यह मांग क्रमशः बढ़ती ही जायगी। इस प्रकार से योजना के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षित मानव शक्ति की मांग प्रखण्ड स्तर पर आवश्यकता के अनुरूप बढ़ती जायगी अतः इस मांग को ध्यान में रखते हुए इसकी पूर्ति का प्रयास भी निरन्तर करते रहना होगा इस दृष्टि से प्रशिक्षण व पुर्नबोंधात्मक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करना होगा।

'ङ' स्कूल/कालेजों, जहाँ व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम लागू किया जा सकता है :

विकास खण्ड का नाम	विद्यालय का नाम	ट्रेड का नाम
1	2	3
1 अमरिया	रा० उ० मा० वि०, अमरिया	मैटल क्राफ्ट, आटोमोबाइल,

1	2	3
	ने० उ० मा० वि०, मझोला	रेडियो एण्ड टेलीविजन, फोटोग्राफी।
2—मरौरी	रा० उ० मा० वि०, न्योरिया	मैटल क्राफ्ट, कुक्कुट पालन।
	एस० डी० बी० सी० राम इ० का०, पीलीभीत।	मैटल क्राफ्ट, कुक्कुट पालन।
	एस० एन० इ० का०, पीलीभीत।	बढ़ई गीरी, सिलाई।
	आर्य कन्या उ० मा० वि०, पीलीभीत।	बुनाई तकनीकी, पाकशास्त्र।
3—ललौरी खेड़ा	नेहरू उ० मा० वि०, ललौरी खेड़ा।	आटोमोबाइल, मैटल क्राफ्ट।
	जहानाबाद उ० मा० वि०, जहानाबाद।	परिधान रचना एवं सज्जा, कृषि इंजीनियरिंग।
	रा० उ० मा० वि०, पौंटा	बुनाई तकनीकी, कुक्कुट पालन।
4—बरखेड़ा	जनता इ० का०, बरखेड़ा।	बुनाई तकनीकी, फोटोग्राफी।
	छ० शि० उ० मा० वि०, जोगीठेर।	कृषि इजीनियरिंग, रेडियो मेकेनिक।
5—बीसलपुर	स० ब० भा० पटेल, अमृताखास	विद्युत मिस्त्री, टेक्सटाइल।
	मीरपुर बाहनपुर, उ० मा० वि०।	बुनाई तकनीकी, परिधान रचना एवं सज्जा।
	जनता टेक्नीकल इ० का०, बीसलपुर।	आटोमोबाइल, फोटोग्राफी, मुद्रण।
6—बिलसण्डा	गां० स्मा० सु० इ० का०, बिलसण्डा।	मुद्रण, मैटल क्राफ्ट, रेडियो, टेलीविजन।
7—पूरनपुर	पब्लिक इ० का०, पूरनपुर।	मैटल क्राफ्ट, विद्युत मिस्त्री, फोटोग्राफी।
	लाल ब० शा० हा० स्कूल, चंदिया हजारा।	आटोमोबाइल, कृषि इजि०।

(ङ) आंकड़ों का विश्लेषण

8– स्कूल कालेज, जहाँ व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम लागू किया जा सकता है :

जनपद का सर्वेक्षण के आधार पर व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम लागू करने के सम्बन्ध में विश्लेषण किया गया। वर्तमान परिस्थितियों में निम्नांकित इण्टर कालेजों में व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जा सकता है :—

विकासखण्ड का नाम	विद्यालय का नाम
1—पूरनपुर	पब्लिक इण्टर कालेज, पूरनपुर
2—बीसलपुर	एस० आर० एम० इन्टर कालेज, बीसलपुर
3—पीलीभीत (मरौरी)	एस० डी० बी० बी० राम इन्टर कालेज, पीलीभीत।

9 - स्कूल व कालेजों में व्यावसायिक शिक्षा के अध्यापकों की उपलब्धता :

व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत, ट्रेड्स को पढ़ाने हेतु एक पूर्ण कालिक शिक्षक और एक अंश कालिक शिक्षक की व्यवस्था की जानी है। शिक्षक सम्बन्धित ट्रेड का तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त हो ताकि ट्रेड की बारीकी का ज्ञान छात्रों को करा सके तथा प्रयोगात्मक कार्यों में दक्षता प्रदान करा सके, अंशकालिक शिक्षकों का चयन पास - पड़ोस के तकनीकी संस्थानों अथवा प्रतिष्ठानों से किया जाना है इन शिक्षकों को 50 रु० प्रति व्याख्यान देय होगा। उपरोक्त विद्यालयों में विज्ञान व साहित्यिक वर्ग के प्रशिक्षित अध्यापक उपलब्ध हैं। अंशकालिक अध्यापकों की व्यवस्था पास पड़ोस के प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी संस्थानों से की जा सकती है।

फिर भी ट्रेडों से सम्बन्धित विशेष योग्यताधारी अध्यापकों की कमी है। राजकीय इन्टर कालेज व राजकीय कन्या इण्टर कालेज, पीलीभीत में जहाँ विगत वर्षों से व्यावसायिक शिक्षा लागू है उनमें सम्बन्धित ट्रेड से सम्बन्धित अध्यापक बोधात्मक प्रशिक्षण तो प्राप्त कर चुके हैं परन्तु तकनीकी विशिष्टता से अनुरूप शिक्षकों की कमी है।

10 - विचाराधीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में विद्यार्थियों की अनुक्रियायें :

व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में साहित्यिक वर्ग के 50 विद्यार्थियों, विज्ञान वर्ग के 50 विद्यार्थियों, वाणिज्य तथा रचनात्मक वर्ग के 50, 50 विद्यार्थियों से

जो कि ग्रामीण तथा नगर क्षेत्र के थे उनसे व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर उनका साक्षात्कार लिया गया। अधिकतर विद्यार्थियों की अनुक्रियायें व्यावसायिक पाठ्यक्रम लागू करने के सम्बन्ध में अच्छी थीं। उनका कहना था कि व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम वर्तमान पीढ़ी के लिये और भावी पीढ़ी के लिये लाभप्रद सिद्ध होगी। आज का युग औद्योगीकरण की ओर बढ़ता जा रहा है। नवीन जीवन पद्धति के अनुरूप जीवनयापन की दिशा में समस्यायें बढ़ती जा रही हैं। बेरोजगारी और मँहगाई और प्राद्योगिकी के आधुनिककरक एवं दिशा-हीन शिक्षा के फलस्वरूप जो समस्यायें आज के परिवेश में उत्पन्न हो रही हैं उनका निदान काफी हद तक व्यावसायिक शिक्षा के इस पाठ्यक्रम से किया जा सकता है।

इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को नौकरी के पीछे नहीं भागना पड़ेगा और जो उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते है या जिन्हें नौकरी नहीं मिल पाती है या जिनके वित्तीय साधन, सीमित यह अल्प हैं उन्हें स्वरोजगार और स्ववालम्बी बनने के अवसर सुलभ होंगे और दिशा-विहीन युवक/युवती राष्ट्र धारा में जुड़ जायेंगे। इससे विभिन्न प्रकार के अपराधों में कमी आयगी।

कुछ विद्यार्थियों का ऐसा भी कहना है कि व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम तो अच्छा है परन्तु यदि इसका प्रभावी ढंग से व्यवहारिक रूप नही दिया गया तो इसका लाभ जो होना चाहिये वह नहीं होगा। विद्यालयों में अन्य विषयों की पढ़ाई ही ठीक प्रकार नहीं चल पाती है तो इस अतिरिक्त पाठ्यक्रम की पढ़ाई कैसे, भली प्रकार से चल पायेगी। टंकण सिलाई, गृह विज्ञान, काष्ठशिल्प, पुस्तक-कला आदि विषय तो पहिले से ही लागू थे, और उनका विद्यार्थियों के जीवन में कोई विशेष लाभ नहीं हुआ। जैसा कि व्यवहारिक जीवन में होना चाहिये था।

समीक्षा :

विद्यार्थियों के विचारों की समीक्षा करने से स्पष्ट होता है कि व्यावसायिक शिक्षा, पाठ्यक्रम, प्रभावी ढंग से और सुचारु ढंग संचालित किया जाय और इस व्यवहारिकता के गुण अधिक हों तो यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को स्वावलम्बी, स्वरोजगार परक और क्षमता में विकास उत्पन्न करने वाला सिद्ध होगा।

11—व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में समुदाय की अनुक्रियायें—समीक्षा :

समुदाय के विभिन्न स्तर व वर्ग के व्यक्तियों से व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के सम्बन्ध

में विचार विमर्श किया गया। विभिन्न वर्ग के 100 व्यक्तियों से सर्वेक्षण के दौरान सम्पर्क किया गया जिनमें अधिवक्ता, डाक्टर, अधिकारी, व्यापारी, ग्राम प्रधानों, ब्लाक प्रमुखों विधान सभा के लोक सभा के सदस्यों, नगरपालिका सभासदों स्वयंसेवी संस्थाओं से सम्बन्धित व्यक्ति, महिलाओं, प्रधानाचार्यों, कृषि प्रतिष्ठान के प्रबन्धक, प्रगति शील, कृषक और स्वरोजगार के अवसरों के सम्बन्ध में जानकारी रखने वाले व्यक्ति, नगराध्यक्षों तकनीकी विशेषज्ञों आदि से विचार विमर्श किया गया। उनमें से अधिकतर की राय में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिये उपयोगी है। छात्रों में स्वावलम्बन बढ़ेगा और बेरोजगारी पर काफी हद तक काबू पाया जा सकेगा। व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य छात्र को व्यावसायिक शिक्षा की धारा की ओर मोड़ना है जिससे कि उनको स्वरोजगार उपलब्ध हो सके और या दक्षतानुसार नौकरी के अवसर सुलभ हो सकें। अभिभावकों का यह भी कहना है कि व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम से छात्रों में व्यवसाय विशेष के लिये न्यूनतम क्षमतायें विकसित होंगी और स्वरोजगार के लिये प्रेरणा मिलेगी और शैक्षिक योग्यता के अनुसार नौकरी के लिये दक्ष बनने में मध्यम स्तर की जनशक्ति तैयार होगी। व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम द्वारा समुदाय के लोगों को नवयुवक और नवयुवतियों को, छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय योजना के रूप में सफलता पूर्वक विकसित करने हेतु कालेज और प्रतिष्ठानों के बीच समुचित सहभागिता और ताल मेल स्थापित होगा।

दूसरी ओर समुदाय के कुछ भुक्तभोगियों का कहना है कि व्यावसायिक शिक्षा का उक्त पाठ्यक्रम, चाहे वह किसी भी ट्रेड से सम्बन्धित हो, और चाहे वह विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पढ़ाई जाती हो और चाहे वह स्थापित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जैसे आई० टी० आई०, पॉलीटेक्निक संस्थानों में पढ़ाई जाती हो, विद्यार्थियों को केवल डिप्लोमा देने की औपचारिकता मात्र होती है। इन विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत दी जाने वाली शिक्षा प्रशिक्षणार्थियों को उतना दक्ष नहीं बना पाती जितना कि कोई बिना पढ़ा लिखा व्यक्ति निजी तकनिकी संस्थानों व्यवहारिक रूप से कार्य करते हुए प्राप्त कर सकता है। उदाहरण के लिये पम्पिंग सेट का एक अपढ़ मिस्त्री जितना दक्ष होता है डिप्लोमा धारी फिटर अथवा मोटर मैकेनिक उतना दक्ष नहीं हो पाता। और इस प्रतियोगिता के युग में जहाँ रोजगार हेतु इतनी कड़ी प्रतियोगिता है डिप्लोमा धारी पढ़ा लिखा व्यक्ति एक अनपढ़ व्यक्ति जो कि मिस्त्री है, उससे सदैव पिछड़ जाता है और परिणाम फिर वही ढाके के तीन पात।

वर्तमान स्थापित कारखानों के प्रबन्ध को इसके विषय विचार विमर्श किया गया, और उनसे उनके यहाँ कार्यरत कर्मचारी, अधिकारी, टेकनिशियन की अर्हत्ता एवं दक्षता के सम्बन्ध में बातचीत हुई तो उनमें से सभी ने यह बताया कि, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर टेकनिशियन, फिटर, इलेक्ट्रीशियन और इंजीनियर एवं प्रबन्धक तक के जाब के लिये कोई शैक्षिक प्रमाण-पत्र की आवश्यकता न होकर उनकी नियुक्ति उनके अनुभव के आधार पर ही की जाती है। इस प्रकार व्यवसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम स्वावलम्बी जीवन व स्वरोजगार प्राप्ति में व्यवहारिक रूप से सार्थक सिद्ध नहीं होगी।

इसी तारतम्य में एक मोटर वर्कशाप के प्रबन्धक का कथन है, कि व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य निश्चय ही लाभप्रद है। परन्तु इसके क्रियान्वन में व्यवहारिकता का अत्यन्त अभाव है। उन्होंने कहा कि मैं व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों से भली भांति परिचित हूँ। क्योंकि मैं स्वयं और मेरा एक मैकेनिक, व्यावसायिक शिक्षा के सम्बन्ध में ही एक विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय बोधात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में, प्रशिक्षण देने हेतु गया था। जहाँ प्रत्येक दिन मेरे मैकेनिक ने एक बार मोटर खोल व बांध कर दिखाई और प्रशिक्षणार्थियों को पम्पिंग सेट के विषय में बताया पम्पिंग सेट खोल बांध कर भी दिखाया। उन्होंने मुझसे कहा मेरे मैकेनिक को लगभग 5 वर्ष इसी कार्य को करते हुए हो गये, फिर भी मैं उसे दक्ष मैकेनिक नहीं मानता, हाँ मेरा काम अवश्य चला देता है। फिर आप कैसे अपेक्षा करते हैं, कि इतने अल्प समय के प्रशिक्षण में वे प्रशिक्षणार्थी जो इससे पहिले तकनीकी ज्ञान से बिल्कुल अनभिज्ञ थे, क्रियात्मक कार्य में तो बिल्कुल ही कोरे थे, कैसे इतने दक्ष हो सकते हैं, कि वे अन्य किसी को अथवा छात्रों को तकनीकी ज्ञान, विशेषकर क्रियात्मक ज्ञान दे सकते हैं, और कैसे वे अबोध छात्रों को तकनीकी कार्य में दक्ष बना सकेंगे यह कल्पना की बात है।

समीक्षा :

समुदाय के विभिन्न व्यक्तियों की अनुक्रियाओं को दृष्टिगत रखते हुए यह कहा जा सकता है कि इस पाठ्यक्रम का यह उद्देश्य तो पूरा हो सकता है कि छात्रों में व्यवसाय विशेष के लिये न्यूनतम क्षमतायें विकसित हो सके और स्वरोजगार के लिये प्रेरणा मिल

सके यह एक प्रकार की सीख अथवा प्रारम्भिक जानकारी का माध्यम तो बन सकता है परन्तु व्यावसाव विशेष में दक्षता प्राप्त कराना नहीं हो सकेगा।

चूंकि व्यावसायिक शिक्षा का राष्ट्रीय लक्ष्य 1995 तक 25 प्रतिशत छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा की धारा की ओर मोड़ना है ताकि छात्रों को स्वरोजगार की प्रेरणा मिल सके और दक्षतानुसार नौकरी के अवसर सुलभ हो सके तथा उच्च शिक्षा को प्राप्त करने में कठिनाई न हो। व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम वास्तव में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो सकता है यदि व्यावसायिक, शिक्षा का पाठ्यक्रम के क्रियान्वन का स्तर, रोजगार प्राप्त करने की वर्तमान, प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रख कर निर्धारित किया जाय।

———

निष्कर्ष

प्रखण्ड का नाम	प्रस्तावित कोर्सेज	कोर्सेज स्थापित करने का स्थल	सफलतापूर्वक संचालन करने हेतु उपाय
1	2	3	4
1—अमरिया	1—मैटलक्राप्ट 2—आटोमोवाइल 3—रेडियो एवं टेलीविजन 4—फोटो ग्राफी 5—मुद्रण 6—बढ़ई गीरी	रा० उ० मा० विद्यालय अमरिया	1—विद्यालय के पास भवन उपलब्ध होना चाहिये जहाँ कि वर्कशाप स्थापित की जा सके।
2—मरौरी	1—मैटल क्राप्ट 2—बढ़ईगीरी 3—कुकुट पालन 4—आटोमोबाइल 5—रेडियो एवं टेलीविजन 6—फोटोग्राफी	स० घ० बां० बि० राम इन्टर कालेज, पीलीभीत	2—वित्तीय संसाधन :— हर विकासखन्ड में बैंकिंग सेवा सुलभ होना चाहिये जिससे कि ऋण की व्यवस्था हो सके।
3—ललौरी खेड़ा	1—आटोमोबाइल, 2—मैटल क्राप्ट 3—परिधान रचना एवं सज्जा।	नेहरू उ०मा०वि० ललौड़ी खेड़ा।	3—सुयोग्य अध्यापकों की उपलब्धता होना भी आवश्यक है जिससे कि उन्हें प्रशिक्षण देकर सफल

1	2	3	4
	4—टेक्सटाइल डिजायनिंग		प्रशिक्षक बनाया जा सके ।
4—नरखेड़ा	1—बुनाई तकनीकी 2—मैटल क्राफ्ट 3—फोटोग्राफी 4—आटोमोवाइल		4—उपकरण :— ट्रेड सम्बन्धी उपकरणों की सुलभता भी बहुत आवश्यक है । जिससे कि विद्यार्थियों को लिखित यांत्रिक ज्ञान के साथ साथ, विषय का क्रियात्मक ज्ञान भी उपलब्ध कराया जा सके । तकनीकी क्रियात्मक ज्ञान हेतु 20 x 12 मीटर की नाप का वर्कशेड होना चाहिये । वित्तीय व्यवस्था :— ट्रेड के सफल संचालन हेतु वित्तीय व्यवस्था एक अपरिहार्य कारक है जिसकी व्यवस्था बैंकों से ऋण लेकर की जा सकती है ।
5—बीसलपुर	1—परिधान रचना एवं सज्जा । 2—टेक्सटाइल डिजायनिंग	एस०आर०एम०इ० कालेज, बीससपुर	5—विद्यालय मान्यता प्राप्त हो, प्रधानाचार्य स्थाई हो ।

1	2	3	4
	बुनाई तकनीकी 3—आटोमोबाइल		
6 —बिल्सण्डा	1—मुद्रण 2—मैटलक्राफ्ट 3—रेडियो एवं टेलीविजन	गांधी स्मारक, सुन्दर लाल इ० कालेज, बिल्सण्डा	6—प्रचार, प्रसार के लिये विज्ञापन, समाचार पत्र एवं अन्य संचार साधनों का समुचित किया जाना चाहिये ।
7—पूरनपुर	1—मैटल क्राफ्ट 2—आटोमोबाइल 3—विद्युत मिस्त्री 4—फोटोग्राफी	पब्लिक इ० का०, पूरनपुर	

'च' 20. सर्वेक्षण का निष्कर्ष

प्रखण्डवार सम्भावित (ट्रेड्स) कोर्स की पहिचान :

प्रखण्डवार सम्बन्धित कोर्स की पहिचान हेतु सर्वेक्षण के निष्कर्ष के फलस्वरूप निम्न जानकारी प्राप्त हुई :—

विकासखंड, पूरनपुर, बीसलपुर, बिलसण्डा और मरौरी विकासखंड कृषि बाहुल्य क्षेत्र हैं अत: कृषि पर आधारित कोर्स जैसे कृषि इंजीनियरिंग, बर्कशाप, खाद्य संरक्षण, तथा फल संरक्षण, डेरी प्रौद्योगिकी आदि कोर्स (ट्रेड) की सम्भावनायें हैं।

बरखेड़ा विकासखंड :

बरखेड़ा विकासखण्ड में कृषि इंजीनियरिंग, खादी उद्योग से सम्बन्धित कोर्स (ट्रेड) की सम्भावनायें हैं।

ललौरी खेड़ा :

ललौरी खेड़ा विकासखण्ड में आटोमोबाइल्स, मुद्रण, बीजोत्पादन प्रौद्योगिकी ट्रेड की सम्भावनायें हैं।

अमरिया :

यहाँ जनरल इंजीनियरिंग, भूमि संरक्षण, सहकारिता, फसल सुरक्षा प्रौद्योगिकी, बीजोत्थान प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित ट्रेड की सम्भावनायें हैं।

सम्भावित कोर्स को स्थापित किये जाने हेतु स्थलों की पहिचान :

सम्भावित ट्रेड को स्थापित करने के लिये स्थल का चुनाव करते समय यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र में जिस वस्तु का उत्पादन हो रहा है अथवा कच्चा माल प्राप्त है उन उद्योगों से सम्बन्धित कोर्स में उस क्षेत्र के बच्चों को प्रशिक्षित किया जाय ताकि उन्हें स्वरोजगार के अवसर उसी क्षेत्र में प्राप्त हो सकें और स्थापित उद्योग से छात्रों के कोर्स से तारतम्य बना रहे। विद्यालय के सीमावर्ती क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता हो। साथ ही

रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनायें हों। ट्रेड्स के प्रति छात्रों की रुचि हो ताकि वे प्रवेश के लिये उपलब्ध हो सके। उस ट्रेड से सम्बन्धित विद्यालय के आस-पास में कोई प्रतिष्ठान उद्योग संचालित हो जहाँ छात्रों को प्रयोगात्मक कार्य एवं व्यवहारिक ज्ञान की सुविधा नराई जा सके। सम्बन्धित ट्रेड्स को चलाने में विद्यालय में शिक्षण के अतिरिक्त सुविधा भी उपलब्ध हो सके। ट्रेड के प्रयोगात्मक एवं विशिष्ठ ज्ञान के शिक्षण हेतु अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ आसानी से मिल सकें। अत: स्थान की पहिचान करते समय उपरोक्त बिन्दुओं पर विचार करके ही स्थल निर्धारण का निर्णय लेना उचित होगा।

कोर्स की सफलता हेतु प्रस्तावित उपायों का विवरण :

किसी भी ट्रेड को सफलता पूर्वक चलाने हेतु कुछ विशेष उपायों की आवश्यकता होती है। क्षेत्र विशेष के विद्यालयों में कोर्स चयन करने के उपरान्त उसे छात्रों को विषय का व्यावहारिक ज्ञान देने के लिये एवं सफल व प्रभावी शिक्षण देने के लिये यह आवश्यक है कि उस विद्यालय के पास अपना अतिरिक्त भवन, स्टाफ, ट्रेड से सम्बन्धित उपकरण अपना एक वर्कशाप जिसमें प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया जाना सम्भव हो तथा उसके अपने वित्तीय संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों।

भवन :

विद्यालय की निजी भूमि हो और भवन भी शिक्षण कार्य हेतु पर्याप्त हो।

विद्यालय प्रबन्ध :

भवन के प्रबन्ध से सम्बन्धित किसी प्रकार का विवाद नहीं होना चाहिए। अत: ट्रेड को सफलता पूर्वक चलाने के लिये प्राथमिकता के आधार पर भवन सबसे पहला आवश्यक साधन है। बिना भवन के शिक्षण कार्य सम्भव नहीं।

स्टाफ :

ट्रेड के सफल संचालन हेतु दूसरा आवश्यक कारक, सुयोग्य, ट्रेड में प्रशिक्षित एवं व्यवहारिक क्रियात्मक ज्ञान एवं अनुभवी शिक्षकों का होना आवश्यक है। बिना उपयुक्त स्टाफ के शिक्षण कार्य सफलतापूर्वक नहीं चल सकता। शिक्षण हेतु शिक्षकों की पर्याप्त संख्या भी होनी चाहिए।

उपकरण :

व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में जो भी ट्रेड विद्यालयों में लागू की जाय उसमें स्थल ज्ञान के लिये एवं प्रयोगात्मक कार्य के लिये उपकरण एक आवश्यक कारक है। उपकरणों का ट्रेड से सम्बन्धित पर्याप्त मात्रा में होना आवश्यक है उपकरण व्यवहारिक शिक्षा के लिये उपयुक्त एवं अनिवार्य साधन है।

वर्कशाप :

विद्यालय में ट्रेड का प्रशिक्षण सभी एक सफल शिक्षण सिद्ध हो सकता है जब उसमें एक वर्कशाप हो, प्रयोगात्मक कार्य के लिये वर्कशाप होना भी एक अनिवार्य कारक है छात्र जो भी कार्य सीखेगे उसका व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने के लिये यह आवश्यक है कि प्राप्त ज्ञान का क्रियात्मक अनुभव कराया जाय अत: वर्कशाप में उपकरणों और मशीनों को स्थापित किया जाता है उनके रख-रखाओं और सुचालित रखने के लिये एक अतिरिक्त स्थान होना चाहिये। सामान्यत: विद्यालय के पास 20 × 12 मीटर के नाप के वर्कशेड उपलब्ध होना चाहिये। वर्कशाप ही व्यावसायिक शिक्षा के ट्रेड का व्यावहारिक ज्ञान देने का आधार है।

वित्तीय व्यवस्था :

उपरोक्त समस्त कारक ट्रेड के सफल संचालन में तब तक उपयोगी सिद्ध नहीं हो सकते जब तक वित्तीय संसाधन उसमें अपना पूर्ण योगदान करने के योग्य न हों। यह कहना अतिश्योक्ति पूर्ण न होगा कि वित्तीय संसाधन व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की सफलता के लिये आवश्यक सभी कारकों की तेजीवनी शक्ति है। अत: सर्वप्रथम वित्तीय व्यवस्था की सुदृढ़णता अनिवार्य है।

अन्य उपाय :

1—विद्यालय जहां स्थापित है वह स्थान यातायात और जन संचार की सुविधाओं से युक्त हो।

2—विद्यालय स्थाई मान्यता प्राप्त हो जिससे कि वह इस गुरतर कार्य के दायित्व को भली-भाँति सहन कर सके।

3—विद्यालय का प्रधानाचार्य स्थाई नियुक्त हो।

4—विद्यालय इण्टर स्तर तक मान्यता प्राप्त हो।

उपरोक्त सभी तथ्य जो कि प्रस्तावित किये गये है व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को सफल बनाने में अत्यन्त और आवश्यक हैं।

सर्वेक्षण आख्या का सार

व्यावसायिक शिक्षा सर्वेक्षण की विस्तृत आख्या का अवलोकन, विश्लेषण तथा सारिणीकरण प्रपत्रों में दर्शाई गई सूचनाओं का विवेचन करने के उपरान्त साररूप में जो तथ्य सामने आये हैं वे निम्नवत् हैं :—

1—व्यावसायिक शिक्षा सर्वेक्षण के उद्देश्य जो इस आख्या के 11 बिन्दुओं में उल्लिखित हैं के अनुसार जनपद पीलीभीत की समस्त सम्बन्धित सूचनायें एवं आँकड़ें एकत्र किये गये।

2—व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के समावेश हेतु जो परिकल्पना की गई है उसको मूर्तरूप देने हेतु प्रक्रिया के प्रथम चरण की पूर्ति में, जनपद से सभी सात विकासखन्डों के औद्योगिक क्षेत्रों विद्यालय चयन की उपयुक्त का अध्ययन किया गया।

अध्ययन : साररूप :

दीर्घ एवं मध्यम उद्योग	7
हाईस्कूल	17
इन्टर कालेज	11
1989 में व्याव० शि० पा० वाले विद्यालय	2
आगामी प्रस्तावित विद्यालय	3

3—जैसा कि शासन की योजना है कि 1989 में जुलाई से व्यावसायिक शिक्षा (पाठ्यक्रम) लागू की जाय। वर्ष 1989 के हाईस्कूल परीक्षाफल के अनुसार (1553) छात्र हाईस्कूल उत्तीर्ण होकर कक्षा 11 में प्रवेश ले सकते हैं, परन्तु योजनानुसार केवल 10 प्रतिशत छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराना है, 156 छात्र ही लाभान्वित हो सकते हैं। इसी प्रकार योजनानुसार 1990 से 1995 तक 25 प्रतिशत छात्रों को लाभान्वित कराना है यदि गत 5 वर्ष हाईस्कूल परीक्षा फल का औसत 1791 माना जाय तो 25 प्रतिशत के हिसाब से 448 छात्र/छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम का लाभ मिल सकेगा। सर्वेक्षण से यह भी तथ्य सामने आया है कि वर्तमान व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में प्रयोग प्रतिशत का लक्ष्य जो निर्धारित किया गया है उसके अनुसार छात्र/छात्राओं की स्वरोजगार देने में और स्वावलम्बी बनाने में काफी समय लगेगा अतः लक्ष्य प्राप्ति हेतु व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम लागू करने की प्रक्रिया को और गति देनी है।

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-7822
Date 27-10-93

NIEPA DC
D07822